# प्रस्ताव ठुकराया, नहीं की अंत्येष्टि

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा** : दादरी के बिसाहड़ा गांव में मांगें पूरी न होने तक परिजन व ग्रामीण रवि का अंतिम संस्कार न करने की जिद पर अड़े हैं। ग्रामीणों ने रवि को शहीद का दर्जा देकर शव को तिरंगे से लपेटकर रखा है। बृहस्पतिवार शाम ग्रामीणों द्वारा बनाई गई 11 सदस्यीय कमेटी के साथ एडीएम कुमार विनीत व एसडीएम राजेश सिंह ने वार्ता की। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने व जेलर एसके पांडे का स्थानांतरण हो जाने की बात बताई। ग्रामीण इसके बाद भी नहीं माने और मांगों पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने जान मोहम्मद की गिरफ्तारी, रवि के परिवार को एक करोड़ रुपये, जेलर के खिलाफ केस, सीबीआइ जांच, रवि की पत्नी पूजा को सरकारी नौकरी और जेल में बंद गांव के अन्य युवाओं की उचित मेडिकल जांच कराने की मांग की।

गांव में शुक्रवार को दोबारा पंचायत होनी है। पंचायत में आगे की रणनीति तैयार होगी। साध्वी प्राची ने कहा कि यहां होने वाली राजनीति के पीछे कैबिनेट मंत्री आजम खां का हाथ है। आरोप लगाया कि आजम ने ही रवि की हत्या कराई है। यही नहीं उनकी साजिश जेल में बंद हमारे 14 अन्य युवाओं को भी मारने की है। आगे कहा कि रवि के परिजन के साथ जबतक न्याय नहीं होता है शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।




- ग्रामीणों ने रवि को दिया शहीद का दर्जा तिरंगे में लपेटा शव



बिसाहड़ा गांव में तिरंगा में लपेटकर रखा रवि का शव। सौरभ राय

**महिलाओं का आमरण अनशन जारी** :जान मोहम्मद की गिरफ्तारी की मांग पर गांव की महिलाओं ने एक सप्ताह पूर्व साध्वी हरि सिद्धि के नेतृत्व में आमरण अनशन शुरू किया था, वह जारी है। उनका कहना है कि बृहस्पतिवार रात तक अधिकारी गांव में नहीं आते है तो शव को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन किया जाएगा। रवि की मौत से गांव के ज्यादातर घरों में बृहस्पतिवार को चूल्हा नहीं जला। गांव के सभी लोग भूखे रहे। बच्चों के लिए कुछ घरों में चूल्हा जला। उन्हीं घरों से गांव के दूसरे बच्चों के लिए भी भोजन भेजा गया।

**मस्जिद के आसपास भारी पुलिस तैनात** : एक दिन पूर्व कुछ युवाओं ने गांव में स्थित मस्जिद पर हमले की साजिश रची थी। गांव के कुछ लोगों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। बाद में पुलिस व प्रशासन सचेत हो गया था। गांव की मस्जिद पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही मुस्लिम परिवारों के घरों के आसपास भी सुरक्षा पुख्ता की गई थी।

# 10 लाख बच्चों को यातायात के प्रति किया जाएगा जागरूक

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली** : पुलिस आयुक्त आलोक कुमार वर्मा ने बृहस्पतिवार को यातायात पुलिस के स्कूल रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन 2016-17 का उद्घाटन किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अलावा आइआइटी दिल्ली के निदेशक प्रो. वी राम गोपाल राव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिल्ली के करीब 400 स्कूलों के प्रिंसिपल ने भी भाग लिया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) गरिमा भटनागर ने बताया कि इस कार्यक्रम की अवधि तीन माह है।

यह अक्टूबर 16 से जनवरी 2017 तक चलेगा। कैंपेन में 850 स्कूलों के जूनियर, मिडिल व सेकेंड्री ग्रुप के करीब 10 लाख छात्र-छात्राओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इन्हें यातायात पुलिस की ओर से आयोजित लेक्चर, संवाद, पेंटिंग, परिचर्चा व क्विज कम्पटिशन के द्वारा यातायात सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। पुलिस आयुक्त आलोक वर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने के लिए बच्चों को शुरू से ही अच्छी आदतें सिखाई जानी चाहिए। यातायात का पालन करने वाले बच्चे बड़े होकर कानून को मानने वाले नागरिक बनते हैं। वे दूसरों के अधिकारों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों व अभिभावकों से भी कहा कि वे बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने व अपनी समस्याएं बड़ों के साथ शेयर करने के लिए प्रेरित करें। वहीं, बच्चों को शुरू से ही साइबर सुरक्षा के बारे में भी बताया जाना चाहिए। दक्षिणी दिल्ली जिले की एडिशनल डीसीपी नुपूर प्रसाद ने बच्चों के बच्चों की सुरक्षा, शारीरिक व भावनात्मक शोषण, उपेक्षा आदि के संबंध में एक प्रजेंटेशन भी दिया। वहीं, डीसीपी साइबर क्राइम अन्येश रॉय ने साइबर क्राइम के विभिन्न पहलू समझाए।



आइआइटी में शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते दिल्ली पुलिस आयुक्त आलोक वर्मा।

# आज से फिरोजपुर तक चलेगी बठिंडा शताब्दी

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली** : बठिंडा शताब्दी (12047/12048) शुक्रवार से फिरोजपुर छावनी तक चलेगी। इसके समय और दिन में भी परिवर्तन किया गया है। शनिवार व सोमवार की जगह अब यह ट्रेन शुक्रवार व सोमवार को चलेगी। 7 अक्टूबर को शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली स्टेशन से शाम 4.20 बजे रवाना होकर रात 9 बजे बठिंडा पहुंचेगी, जहां से केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर हरी झंडी दिखाकर इसे फरोजपुर छावनी के लिए रवाना करेंगी।

रेलवे के नए टाइम टेबल में बठिंडा शताब्दी के विस्तार की बात तो कही गई थी लेकिन इसे चलाने की तिथि व समय की घोषणा नहीं हुई थी। इस कारण 26 सितंबर के बाद इसकी बुकिंग बंद कर दी गई थी। इस बीच 1 और 3 अक्टूबर को इसे चलाने का फैसला किया गया था, लेकिन लोगों को जानकारी नहीं होने के कारण ट्रेन की अधिकतर सीटें खाली रह गई थी। वहीं, अब फिरोजपुर छावनी तक नियमित परिचालन की घोषणा करने के साथ टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी गई है।

# जयनगर के लिए आज चलेगी विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली** : दशहरा में घर जाने वालों की भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने आनंद विहार टर्मिनल से जयनगर के बीच 04422/04421 नंबर की विशेष सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का फैसला किया है। 04422 नंबर की ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से 7 अक्टूबर (शुक्रवार) को रात 11.55 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 10.10 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में 04421 नंबर की ट्रेन जयनगर से 9 अक्टूबर को सुबह 6 बजे रवाना चलकर अगले दिन तड़के 4 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। ट्रेन में सेकंड एसी और थर्ड एसी के दो-दो कोच के साथ ही 11 स्लीपर तथा दो सामान्य कोच होंगे। कानपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय, पटना, बरौनी, समस्तीपुर तथा दरभंगा स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा। बुकिंग 7 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी।


## दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

दिल्ली सरकार द्वारा अधिनियम 6/2009 के तहत स्थापित
(पूर्व में : दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग)
बवाना रोड, दिल्ली–110042

सं. एफ. डीटीयू/नियुक्ति/एपी/ईई एवं ईसीई/2016 तिथि : 07/10/2016

### सहायक प्राचार्य के शैक्षिक पद पर नियुक्ति

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (पूर्व में: दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग) में इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभागों में सहायक प्राचार्य के पद पर नियमित रूप से सीधी नियुक्ति के उद्देश्य से अध्यापन की प्रेरणा और शोध एवं अभिनव प्रयोग का उत्साह रखने वाले प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रम सं. | विभाग का नाम | श्रेणी | | | पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | | यूआर | एससी | ओबीसी | |
| 1 | इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | - | 01 | 01 | 02 |
| 2 | इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | 03* | 02* | 01* | 06* |
| 3 | इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग | 03 | - | 01 | 04 |
| | पदों की कुल संख्या | 06 | 03 | 03 | 12 |

*इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के पदों पर नियुक्ति सक्षम अधिकारी की स्वीकृति पर निर्भर है।

विहित आवेदन पत्र के साथ आवश्यक शुल्क, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.dtu.ac.in** से डाउनलोड करें। उम्मीदवारों को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन करने के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी वांछित / संबद्ध दस्तावेज़ों के साथ कुल सचिव, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को भेज दें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31.10.2016 के शाम 5.00 बजे है। नियुक्ति संबंधी अन्य जानकारियां समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी। इस संबंध में व्यक्तिगत पत्राचार नहीं किया जाएगा। इस उद्देश्य से एक आरंभिक परीक्षा अनुमानतः 12.11.2016 को दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होगी। उम्मीदवारों से आग्रह है कि आरंभिक परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट समय–समय पर देखते रहें।

**कुल सचिव**



## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

(ISO 9001:2008 एवं ISO 14001:2004 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ, गाजियाबाद

### सार्वजनिक सूचना

"एतद् द्वारा जन–साधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद महायोजना–1962 में सन्दर्भित भूमि का भू–उपयोग 'नेबरहुड पार्क्स व ओपन स्पेसस' प्रदर्शित है, इसलिए तलपट मानचित्र में भी सन्दर्भित भूमि का भू–उपयोग 'नेबरहुड पार्क्स व ओपन स्पेसस' अर्थात पार्क प्रदर्शित होना चाहिए था। गाजियाबाद महायोजना–2001 एवं गाजियाबाद महायोजना–2021 में सन्दर्भित क्षेत्र को आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रदर्शित किया गया है। पार्क भू–उपयोग में क्लब क्रिया विशेष अनुमति से अनुमन्य है। तलपट मानचित्र को उक्त सीमा तक संशोधित किये जाने हेतु योजना के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। बोर्ड के निर्णयानुपालन में योजना के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के क्रम में जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेगा। प्रस्तावित संशोधन का मानचित्र प्राधिकरण के नियोजन अनुभाग में किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित किया जा सकता है।"

**उपाध्यक्ष**

ईमेल : helplinegda@gmail.com फेसबुक : vcgda.ghaziabad@yahoo.in
हेल्पलाइन नं. : 0120-6450580 एसएमएस/व्हाट्सएप : 9818988807
वेबसाइट : www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर ... हमारा संकल्प


# एमडी कराने के नाम पर डॉक्टर को लगाया 65 लाख का चूना

**जासं, गाजियाबाद** : इंदिरापुरम के ठगों ने मुबंई के डॉक्टर को एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) कराने के नाम पर 65 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित डाक्टर ने मुंबई से आकर इस मामले में थाना इंदिरापुरम में शिकायत दी है। बताया जा रहा है डाक्टर ने एक विज्ञापन देखकर ठग से संपर्क किया था, जिसके बाद ठग ने वारदात को अंजाम दे दिया।

मुबंई के नीलम नगर में रहने वाले डॉक्टर प्रयास ठाकुर वहां परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने 2012 में मुबंई के एक कॉलेज से एमबीबीएस किया और फिर संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में जॉब करने लगे। उन्होंने मेडिको मेकर के नाम से अखबार में विज्ञापन देखा। प्रयास ने बताया कि इसके बाद उन्होंने उस विज्ञापन पर दिए गए नंबरों पर फोन कर संपर्क किया। ठगों ने उनसे एमडी में एडमिशन कराने के नाम पर एक करोड़ रुपये की डिमांड रखी और 65 लाख रुपये पर डील फाइनल हुई।

**अकाउंट में दिए रुपये** : पीड़ित डाक्टर प्रयास ने बताया कि ठग ने उन्हें अपने अकाउंट नंबर दिए। जिसके बाद उन्होंने लोन लेकर रुपयों का इंतजाम किया। मई 2015 में उन्होंने 25 लाख का एक चेक ठग को दिया जो रुपये अकाउंट में चले गए। इसके बाद सितंबर में फिर 25 लाख रुपये ठग को दे दिए। उसके बाद 15 लाख रुपये ऑनलाइन उनके अकाउंट में ट्रांसफर किए।

# घर से भाग प्रेमी युगल ने की शादी, थाने में हंगामा

- खोड़ा में सोमवार से लापता थे प्रेमी-प्रेमिका, भागकर कोर्ट में की शादी
- दूसरे समुदाय का युवक होने के कारण युवती के परिजन ने किया शादी का विरोध

**जासं, खोड़ा (गाजियाबाद)** : खोड़ा थाने में बृहस्पतिवार देर रात तक जमकर हंगामा हुआ। मामला एक युवक द्वारा दूसरे समुदाय की युवती को भगाकर शादी करने का था। युवती के परिजन को जब इस बारे में पता चला तो वे विरोध जताने थाने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने एसएचओ खोड़ा अवनीश दीक्षित का घेराव भी किया।

परिजन का कहना था कि वे इसे शादी नहीं मानेंगे। तभी मामले की सूचना एक हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को दी गई, जिसके बाद वे भी भारी संख्या में थाने पहुंचे और जिससे हंगामा करने लगे। हालात संभालने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस ने अन्य चौकी से पुलिस बल बुलाया। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था।

खोड़ा निवासी राम गोपाल निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बेटी (19) सोमवार को घर से चली गई। उसके घर न लौटने पर खोड़ा थाने में शिकायत की थी। बृहस्पतिवार शाम चार बजे युवती पुलिस सुरक्षा के बीच खोड़ा पहुंची। पुलिस ने इस बारे में परिजन को सूचना दी, जिसके बाद परिजन ने युवती का विरोध किया। एसएचओ खोड़ा अवनीश ने बताया कि युवक व युवती बालिग हैं। दोनों सोमवार से लापता थे। युवक दूसरे समुदाय का है, जिस वजह से परिवार वाले शादी के खिलाफ थे।

# द्रौपदी मंचन में हंगामे की इप्टा ने निंदा की


- जनवादी लेखक संघ ने इस विरोध को देशद्रोही गतिविधि बता कार्रवाई की मांग की

**जासं, नई दिल्ली**: हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में 21 सितंबर को महाश्वेता देवी को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी विश्व प्रसिद्ध कहानी 'द्रौपदी' के मंचन के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा इसके विरोध और इंदौर में इप्टा के सम्मेलन में हुई मारपीट की जनवादी लेखक संघ और इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) ने निंदा की है।

इस घटना के बाद जनवादी लेखक संघ के मुरली मनोहर प्रसाद सिंह की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में यह कहानी है और इसका मंचन किया जा चुका है। 'महाभारत' की द्रौपदी की याद दिलाती इस कहानी की मुख्य पात्र, द्रौपदी मांझी नामक आदिवासी स्त्री है जो सेना के जवानों के हाथों दुष्कर्म का शिकार होने के बाद उनके दिए कपड़े पहनने से इन्कार कर देती है। उसकी नग्नता उसके आत्मसम्मान का उद्घोष बनकर पूरे राज्यतंत्र को शर्मिंदा करती है। लेकिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के लोगों ने भारतीय सेना को बदनाम करने की साज़िश बताकर इस मंचन के विरोध में हंगामा शुरू किया। आस-पास के इलाकों में अफवाह फैलाकर समर्थन जुटाया गया, महाश्वेता देवी को राष्ट्रविरोधी लेखिका के रूप में प्रचारित किया गया, कुलपति के पुतले फूंके गए और विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने यह मांग रखी गई कि नाट्य-मंचन की इस 'देशद्रोही' गतिविधि के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर को इंदौर में इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन हिंदुत्ववादियों ने मंच पर चढ़कर हंगामा किया और इस पूरे आयोजन को राष्ट्रविरोधी देशद्रोही गतिविधि बताते हुए नारे लगाए। उन्होंने अपने बयान में कहा है कि ये दोनों घटनाएं राष्ट्रवादी उन्माद फैलाकर आलोचनात्मक आवाजों का दमन करने की साजिशों की ताजा कड़ियां हैं। हम इसका विरोध करेंगे।








छटिकरा मोड़
एनएच–2, वृंदावन से 1 कि.मी.

बेहतर स्थान
नई दिल्ली से 155 कि.मी.
ग्रेटर नोएडा से 125 कि.मी.
गुड़गांव से 120 कि.मी.
यमुना एक्सप्रेसवे से 8.5 कि.मी.

सुविधाएं/विशेषताएं

बास्केटबाल लॉन टेनिस कोर्ट · क्लब–साथ में जिम/स्पॉ · ओपन जिम · जॉगिंग ट्रैक · साईकिल ट्रैक · बच्चों के लिये खेलने का स्थान · क्रिकेट फील्ड · सोलर पावर एलईडी लाइटें · फुटबाल फील्ड · स्केटिंग रिंग · मल्टीपल थीम पार्क– प्रत्येक 5 एकड़ · वाटर बॉडीज · योग/साधना · बस शैल्टर सेवा · 3 टियर सुरक्षा और गेटिड कम्यूनिटी

निम्नलिखित के लिये स्थान आबंटित किये गये हैं

सुविधाजनक शॉपिंग सेंटर · चिकित्सा सुविधाएं · स्कूल/शिक्षा · प्रदूषण रहित उद्योग और कार्यालय भवन

और भी बहुत कुछ

120 वर्ग गज से 300 वर्ग गज तक के प्लॉट उपलब्ध हैं।
बुकिंग के लिये संपर्क करें: 1800 120 2016 । वेबसाइट: www.suncityanantam.com

सनसिटी हाई–टैक प्रोजेक्टस प्रा लिमि, बिजनेस टावर, दूसरा तल, गोल्फ कोर्ड रोड, सेक्टर 54, गुड़गांव–122002, हरियाणा फोन: 0124 4691000 | info@suncityprojects.com www.suncityprojects.com

Disclaimer: This document is not a legal offering. It only describes the intent & concept of Suncity Anantam. All the areas/dimensions/layout/elevations/pictures, etc. are only indicative and not as per scale. All the details are subject to change, alteration and modification as per the developer's discretion.